हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 18 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

इंडस ग्लोबल अकादमी ने जीते नौ पदक 10




जुलाना हलके के हर गांव से रैली में पहुंचेंगी महिलाएं 10



## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से दो बाइक चालक घायल

**कैथल।** राजौंद खंड के गांव किठाना में ट्रैक्टर की चपेट में आने से दो बाइक चालक घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। बालू के मनीष ने शिकायत में आरोप लगाया है कि जब 14 जुलाई की रात को राहुल के साथ गांव से जा रहा था तो अज्ञात चालक ने ट्रैक्टर को तेज गति और लापरवाही से चलते उन्हें चपेट में लेकर घायल कर दिया।

### जबरन शादी करने के आरोप में चार पर केस

**कैथल।** थाना राजौंद के नरवल में किशोरी की शादी करने का मामला प्रकाश में आया है। संबंध में जिला बाल विवाह संरक्षण अधिकारी सुनीता शर्मा ने राजोंद पुलिस को शिकायत में बताया कि 21 अप्रैल को नरवल में दो पक्षों ने मिलकर किशोरी की शादी कर दी जिसकी आयु 17 वर्ष एक माह थी। जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर पवन ने बताया केस दर्ज कर लिया है।

### चार लोगों के खिलाफ चोरी-मारपीट का केस

**जींद।** गांव बोहतवाला में लगभग तीन साल पहले गायब सोना के जेवरात के मामले में सदर थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ चोरी, मारपीट करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव बोहतवाला निवासी वीरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके घर से लगभग 25 तोले सोनेके जेवरात गायब हो गए।

### मोबाइल फोन व नकदी चोरी के आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** गांव सांघन के एक घर से रात के समय मोबाइल फोन व नकदी चोरी करने के मामले की जांच चौकी संगतपुरा के एचसी विकास की टीम द्वारा करते आरोपी जिला जींद के गांव बेलरखां निवासी राहुल व सीवन निवासी तरुण को काबु कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव सांघन निवासी सुखदेव ने शिकायत दर्ज करवाई थी।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव धमतान साहिब से महिला के संदिग्ध हालात मे गायब होने पर गढ़ी थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव धमतान साहिब निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी पत्नी घर गायब हो गई। तलाशने व पूछताछ करने पर उसकी पत्नी का सुराग नही लगा।

### ड्यूटी में बाधा डालने का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** वर्ष 2020 दौरान भैंस चोरी कर फरार होने तथा पुलिस टीम पर हमला कर सरकारी ड्यूटी में बाधा डालने के मामले में थाना पूंडरी पुलिस के एसआई संजय कुमार द्वारा वांछित आरोपी बागडा यूपी निवासी अरशद को गिरफ्तार कर लिया गया। जिसको प्रोडक्शन वारंट पर लेकर कागजी कार्रवाई पूर्ण करने उपरांत न्यायालय के आदेश अनुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### ट्रैफिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**कैथल।** जिला पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी के दिशा-निर्देशन में सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों को लेकर चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत आज गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गुहला में एक विशेष ट्रैफिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### प्रीमियम भुगतान की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**कैथल।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ. बाबू लाल ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिला में एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कम्पनी को खरीफ -2025 के बीमा के लिए, हरियाणा सरकार की अधिसूचना के अनुसार अधिकृत किया हुआ है। फसलों का 31 जुलाई 2025 तक बीमा करवा सकते हैं।

## नंदगढ में सीएम नायब सैनी जनसभा को करेंगे संबोधित, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी करेंगी शिरकत

# जींद को कल मिलेगी कई विकास परियोजनाओं की सौगात

### अमरहेड़ी, अहिरका, कैरखेड़ी को मिलेगी 24 घंटे बिजली,जींद विधानसभा क्षेत्र की 29 सड़क मंजूर

### रेखा गुप्ता को हरियाणवी परंपरा के अनुरूप भेंट करेंगे कोथली : डा. मिड्ढा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि 19 जुलाई को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जिलावासियों को विकास परियोजनाओं की अनेक सौगात देंगे और नंदगढ गांव में जनसभा को संबोधित करेंगे। उनके साथ दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी मुख्यरूप से शिरकत करेंगी। इस अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री को हरियाणवी परंपरा के अनुरूप कोथली भेंट करेंगे। इसी क्रम में जींद जिला के कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी सहित विधायकगण भी रेखा गुप्ता को कोथली भेंट कर भाई-बहन के पवित्र रिश्ते की परंपरा को निभाने का कार्य करेंगे। इस कार्यक्रम के साथ-साथ मुख्यमंत्री जुलाना में बने अग्रसेन भवन का भी लोकार्पण करेंगे।

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा गुरूवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही म्हारा गांव-जगमग गांव योजना के तहत हलका के कैरखेड़ी, अहिरका तथा अमरहेड़ी गांवों में गुरूवार से 24 घंटे बिजली दी जाएगी। इसके लिए इन गांवों की लाइन को शहरी फीडर से जोड़ा गया है। इसके अलावा करोड़ों रुपये की धनराशि से विधानसभा क्षेत्र की 29 सड़कें हरियाणा मार्केटिंग बोर्ड द्वारा बनवाने के लिए मंजूर करवाई गई है। इन सड़कों के बनने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा शहीदों के मान-सम्मान के लिए अनेकों योजनाएं चलाई जा रही है। इसी क्रम में 1857 के अमर बलिदानी शहीद गुलाब सिंह व जुलानी गांव के चौधरी हरफूल जाट जुलानी की याद में भव्य गेट का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए जुलानी गांव में गणमान्य व्यक्तियों से मिल कर जगह का चयन भी कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार कानून व्यवस्था के लिए सजग है। किसी भी अपराधी को अपराध के प्रति किसी प्रकार की कोई छूट नहीं दी जाएगी। नशे के खिलाफ सरकार द्वारा सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। पुलिस विभाग द्वारा कई गांवों को नशा मुक्त किया घोषित किया गया है। उन्होंने खुशी जाहिर की है कि जींद की बुढा बाबा बस्ती को भी नशा मुक्त घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि जींद में ठिठारी महादेव का ऐतिहासिक मंदिर है, जिसका जिक्र वेदों में भी इंद्राज है। उन्होंने इसके जीर्णोद्धार के लिए ज्यादा से ज्यादा सहयोग के लिए लोगों से आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बीजेपी की सरकार आने के बाद जुलाना क्षेत्र को उपमंडल का दर्जा मिला है। इससे क्षेत्र के लोगों को अब एसडीएम व डीएसपी स्तर के कार्यालयों से सम्बंधित कार्यों के लिए जींद नही आना पड़ता। जिससे उनके समय व धन की बचत होती है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि उपमंडल स्तर की जो भी छोटी-मोटी समस्या या सुविधा अगर किसी विभाग से संबंधित है तो मुख्यमंत्री के आने से उसका भी समाधान हो जाएगा। जुलाना विधान सभा क्षेत्र के कई गांवों जो बरसाती पानी से भर जाते थे, भाजपा सरकार आने के बाद यहां करोड़ों रुपये की धन राशि से विकास कार्य करवाएं गए हैं। इन गांवों के किसानों द्वारा अब फसलों की बुआई समय पर करके अर्थिक स्थिती को सुधारा गया है। उन्होंने पत्रकारों के जुलाना में विपक्ष का विधायक के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार समूचे हरियाणा में एक समान विकास करवा रही है। सभी विधायकों को प्रति वर्ष पांच करोड़ रुपये की धन राशि विकास कार्यो के लिए मुहैया करवाई जा रही है।



जींद। पत्रकारों से बातचीत करते डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा। फोटो :हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डीसी मोहम्मद इमरान रजा, पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह, भाजपा के जिला प्रभारी मदन लाल गोयल, जिला अध्यक्ष तिजेंद्र ढुल, कैप्टन योगेश बैरागी, उपाध्यक्ष गौरव भारद्वाज, भारत भूषण टांक, बिजली विभाग के एसई सुखीजा, कार्यकारी अभियंता विकास मलिक आदि उपस्थित रहे।

#### अभय चौटाला को जो धमकी मिली वो गलत

डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि अभय चौटाला को जो धमकी मिली है, वो गलत है। उनके बेटे ने बताया कि जो कॉल आई है वो इंटरनेशल कॉल है। इस मामले में चंडीगढ़ पुलिस को रिपोर्ट करवाई गई है। हरियाणा के लोग आपके साथ हैं। इस घटना का पर्दाफाश किया जाएगा।



जींद। रैली स्थल का निरीक्षण करते डिप्टी स्पीकर। फोटो :हरिभूमि

#### डिप्टी स्पीकर ने रैली स्थल का किया निरीक्षण

**जींद।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता के 19 जुलाई को आगमन को लेकर डिप्टी स्पीकर डा कृष्ण मिड्ढा ने वीरवार को नंदगढ गांव का दौरा किया और जनसभा की तैयारियों का जायजा लेते अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि शनिवार का दिन नंदगढ समेत पूरे जिला के लोगों के लिए बहुत ही विशेष रहेगा। इस दिन नंदगढ़ गांव की बेटी रेखा गुप्ता जो वर्तमान में दिल्ली की मुख्यमंत्री भी हैं, विशेष रूप से मौजूद रहेंगी। विधानसभा उपाध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी व बरसात के मौसम को मद्देनजर रखते जनसभा स्थल पर पीने के पानी, बिजली व पंडाल समेत अन्य जरूरी तैयारियां समय रहते मुकम्मल कर लें। उन्होंने कहा कि जनसभा स्थल पर हरियाणा प्रदेश व दिल्ली से दोनों मुख्यमंत्री पंहुचेंगे। इसलिए जनसभा स्थल को भव्य रूप देने में कोई कमी नही रहनी चाहिए। इसी दिन मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी क्षेत्र वासियों के लिए नायब सौगात देंगे। मुख्यमंत्री जुलाना में बने महाराजा अग्रसेन भवन का लोकार्पण भी करेंगे। उन्होंने बताया कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के जन्मदिन के मौके पर उनके पैतृक गांव नंदगढ वासियों समेत जिला के सभी विधायकों की तरफ से भाई बहन के पवित्र त्योहार के उपलक्ष्य में हरियाणवी संस्कृति को सम्मोहित करती हुई उपहार स्वरूप कोथली भेंट की जाएगी।

# बारिश का पानी निकासी न होने के कारण घरों में घुसा, जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौद

राजौंद के वार्ड नंबर 13 में पानी की निकासी न होने से पानी घरों में घुस रहा है। वार्ड नंबर 13 के लोगों ने बताया कि अब तो बीमारी फैलने का खतरा बना है। इस बारे वार्ड निवासी धर्मपाल, सुशील, शीशपाल, पप्पू, राजेंद्र आदि ने बताया कि स्कूल में बच्चे जाते है तो उन्हें गोद उठा कर लेकर जाना पड़ता है। इस लोगों ने बताया की 2 महीने से बरसात के कारण पानी की निकासी न होने से घरों में गंदा पानी घुस रहा है।प्रशासन व अधिकारियों को लिखित रूप में भी दे चुके हैं। लेकिन नालियों की सफाई तकि करने के लिए कोई भी कर्मचारी नहीं आता। जिसकी वजह से पानी घरों में घुस रहा है, बार-बार प्रशासन को अवगत करवाने के बावजूद भी समस्या कोई समाधान नहीं निकल रहा। बताया कि शीघ्र ही पानी की निकासी नहीं की गई तो वह फिर सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे। जिसकी सारी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी।



# जींद-गोहाना मार्ग पर लगाया जाम, जमकर नारेबाजी

- टूटी सड़कों, बरसाती पानी की निकासी न होने पर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्कीम नंबर 19 के लोगों ने वीरवार को टूटी सड़कों, बरसाती पानी की निकासी नहीं होने के रोष स्वरूप जाम लगा दिया। जाम लगाए लोगों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। जाम लगने की सूचना मिलने पर प्रशासनिक अधिकारी व पुलिस मौके पर पहुंची और समस्याओं के निदान का आश्वासन दे जाम खुलवाया। लगभग आधा घंटे लगे जाम के कारण यात्रियों तथा वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम लगा रहे लोगों का कहना था कि नगर परिषद के अधिकारियों की लापरवाही के कारण उनका जीवन नारकीय हो गया है। शहर की पॉश कॉलोनी स्कीम नंबर पांच, कौशिक नगर के लोग पुराने रजबाहा रोड पर नगर परिषद कार्यालय के सामने एकत्रित हुए। यहां से नगर परिषद के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जींद-गोहाना मार्ग के बीचोंबीच आए गए और जाम लगा दिया। कालोनीवासियों ने बताया कि स्कीम नंबर पांच और कौशिक नगर में गली बनाने के लिए उखाड़ी थी लेकिन उखाडऩे के बाद उसे छोड़ दिया गया। न तो गली को बनाया जा रहा है और न ही उसे पहले की तरह समतल किया जा रहा है। कोर्ट में केस होने की वजह से नगर परिषद इस गली का निर्माण नही कर रही है।




जींद। नगर परिषद के सामने जाम लगाए कालोनीवासी। फोटो :हरिभूमि

#### कोर्ट में स्टे होने के चलते निर्माण रुका : रिषिकेश

नगर परिषद कार्यकारी अधिकारी रिषिकेश चौधरी ने बताया कि कोर्ट से स्टे होने के कारण इस गली का निर्माण रुका हुआ है। जमीन का इंतकाल नगर परिषद के नाम हो गया है। कोर्ट से स्टे हटने के बाद गली का निर्माण करवाया जाएगा।

# आईटीआई में दाखिले को लेकर खुला पोर्टल

- पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थी ट्रेड में कर सकते हैं बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में तीसरे राउंड के लिए 16 से 19 जुलाई तक दोबारा से विभाग द्वारा पोर्टल खोला गया है। जिसमें विद्यार्थी ट्रेड में बदलाव कर सकते हैं। इसके बाद 22 जुलाई को तीसरी मेरिट लिस्ट जारी होगी। जिन विद्यार्थियों का नाम तीसरी मेरिट लिस्ट में आएगा, वह विद्यार्थी 26 तक आईटीआई में आकर दस्तावेजों की जांच करवा सकते हैं और 27 जुलाई तक विद्यार्थियों के पास फीस भरने का समय रहेगा। गौरतलब है कि जिलेभर की 25 राजकीय और निजी आईटीआई में विभिन्न ट्रेड में 5484 सीटें हैं। आईटीआई जींद में 944 सीटों में से अब तक प्रथम और द्वितीय मेरिट सूची के आधार पर 416 विद्यार्थियों ने दाखिला प्रक्रिया को पूर्ण कर लिया है। प्राचार्य नरेश कुमार ने कहा कि अभ्यर्थी 16 जुलाई से 19 जुलाई तक अपने फार्म में आवश्यक बदलाव कर सकते हैं। इस दौरान पात्र विद्यार्थियों को संस्थान की ओर से मोबाइल संदेशों व फोन कॉल के माध्यम से नियमित रूप से जानकारी दी जा रही है ताकि वे समय पर दाखिला प्रक्रिया पूर्ण कर सकें। प्राचार्य ने कहा कि विभागीय दिशा निर्देशों के अनुसार प्रथम मेरिट सूची के तहत चयनित विद्यार्थियों को आठ जुलाई तक और द्वितीय मेरिट सूची के तहत चयनित विद्यार्थियों को 15 जुलाई तक दस्तावेज सत्यापन व फीस भुगतान करना अनिवार्य था। इस प्रक्रिया को पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों की संख्या अब 416 हो चुकी है। संस्थान द्वारा तीसरी मेरिट सूची 22 जुलाई को जारी की जाएगी। जिन विद्यार्थियों का नाम पहले की सूची में नहीं आया है, उन्हें तीसरी सूची में चयन का अवसर प्राप्त होगा। इसके अतिरिक्त संस्थान में एक हेल्प डेस्क भी लगाया गया है। जहां अभ्यर्थी किसी भी प्रकार की शंका या तकनीकी समस्या का समाधान प्राप्त कर सकते हैं।



जींद। दाखिला प्रक्रिया में लगे अनुदेशक। फोटो :हरिभूमि

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और पारदर्शी परीक्षा प्रणाली के लिए सीआरएसयू प्रतिबद्ध : कुलपति

- सीआरएसयू में वीसी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाएं संशोधित तिथियों के अनुसार आयोजित की जा रही हैं। विवि के कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी ने वीरवार को विवि परिसर में बनाए गए परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया और संपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया की बारीकी से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कुलगुरु ने परीक्षा केंद्रों में परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था, निगरानी प्रणाली, अनुशासनात्मक प्रबंधों व तकनीकी पहलुओं का जायजा लिया। कहा कि विवि न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बल्कि निष्पक्ष और पारदर्शी परीक्षा प्रणाली के लिए भी प्रतिबद्ध है। परीक्षाएं किसी भी संस्थान की शुचिता का प्रतीक होती हैं और हमें गर्व है कि हमारी टीम इस दिशा में पूर्ण सजगता और उत्तरदायित्व के साथ कार्य कर रही है। कुलगुरु ने परीक्षार्थियों से भी संवाद किया तथा उन्हें निष्पक्ष वातावरण में आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता का आधार उनके द्वारा अर्जित ज्ञान के साथ-साथ एक निष्पक्ष परीक्षा प्रणाली पर आधारित होना चाहिए। परीक्षा नियंत्रक डा. राजेश कुमार बंसल ने भी कहा कि विवि प्रशासन परीक्षा प्रक्रिया को व्यवस्थितए पारदर्शी और अनुशासित बनाने हेतु पूर्ण समर्पण भाव से कार्य कर रहा है। परीक्षा के लिए पर्यवेक्षक डीन अकेडमिक अफेयर्स प्रो. विशाल वर्मा नियुक्त रहे। जबकि केंद्र एक के सुपरिटेंडेंट प्रो. सुनील फोगाट एवं केंद्र दो के सुपरिटेंडेंट प्रो. आनंद मलिक रहे। इन सभी अधिकारियों ने परीक्षा व्यवस्था को शांतिपूर्ण और पारदर्शी बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### 30 सड़कों पर करीब 15 करोड़ रुपये की राशि खर्च

# कैथल: गड्ढा मुक्त मार्केटिंग बोर्ड की सड़कें : सतपाल

सूरज सहारण ▶▶| कैथल

जिले में मार्केटिंग बोर्ड की तरफ से 30 नई सड़कें बनाई गई हैं। इन सड़कों पर करीब 15 करोड़ रुपये की राशि खर्च हुई है। ये सड़क पूरी तरह से गड्ढा मुक्त हैं। अब वर्षा का मौसम चला हुआ है, सड़कों पर कोई गड्ढा तो नहीं हुआ है, इस बारे में भी विभागीय की टीम समय-समय पर निरीक्षण कर रही है, ताकि सड़कों पर गड्ढा न बने। गड्ढा बनते ही सड़कें धीर-धीरे टूटने लगते हैं। विभाग की तरफ से पूर्व में बनाई गई 149 सड़कें ऐसी हैं जो तीन साल की गारंटी में हैं। अगर ये सड़कें टूटी तो संबंधित एजेंसी द्वारा इनकी रिपेयर की जाएगी। गांव चंदाना से जींद रोड बाइपास तक, बलबेहड़ा से बिच्छियां, अंगौंध से चाणचक, जड़ौला से गुमथला गढू तक, पाई से पिलनी रोड, पाई से सौंगल ड्रेन, बालू से बढ़सिकरी, खेड़ी गुलामअलीसे अटैला, थे-बुटाना से माजरी, अजीत नगर से तारांवाली, पाई से रमाना-रमाणी तक सड़क बनाई जा चुकी है। ये 12 से 18 फीट तक चौड़ी सड़कें बनाई गई हैं। अब इन सड़कों के चौड़ा होने से लोगों को काफी फायदा हो रहा है। सभी सड़कें पूरी तरह से गड्ढा मुक्त हो चुकी हैं। इसके अलावा विभाग ने 40 किलोमीटर तक सड़कों की स्पेशल रिपेयर का कार्य किया है। कुल 65 किलोमीटर थी, अब केवल 25 किलोमीटर की रिपेयर होनी है, जिस पर काम चला हुआ है। जिले में 113 सड़कें ऐसी हैं 309 किलोमीटर की लंबाई है,इन सड़कों को भी गड्ढा मुक्त कर दिया गया है, जो अब सड़कें पूरी तरह से गड्ढा मुक्त हैं।



कैथल। चकाचक बनाई जडौला से गुमथलागढ़ू जाने वाली सड़क। फोटो :हरिभूमि

#### बोर्ड पूरी तरह से गंभीर

*मार्केटिंग बोर्ड के कार्यकारी अभियंता सतपाल गोपेरा ने बताया कि सड़कों को लेकर विभाग पूरी तरह से गंभीर है। जिले में 30 नई सड़कें बनाई गई हैं, जिन पर करीब 15 करोड़ रुपये की राशि खर्च हो चुकी है। इसके अलावा 40 सड़कों की स्पेशल रिपेयर हो चुकी है। कुल 65 किलोमीटर तक रिपेयर सड़कों की होनी है। 25 किलोमीटर सड़कों की रिपेयर का कार्य चला हुआ है। जिन सड़कों की रिपेयर हो चुकी है, ये पूरी तरह से गड्ढा मुक्त हैं।*

### दिग्विजय सिंह चौटाला ने कसा चाचा अभय पर तंज

**जींद।** जजपा के युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने अपने चाचा अभय सिंह चौटाला पर तंज कसते कहा कि जो लोग कहते थे कि उन्हें एक दिन के लिए मुख्यमंत्री बना दें, बदमाश उनकी शक्ल देख कर भाग जाएंगे। आज उन्हें भी धमकियां मिल रही हैं। प्रदेश में बढ़ते अपराध के लिए केवल सीएम नायब सिंह सैनी और डीजीपी जिम्मेदार हैं। मुख्यमंत्री हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। सीएम ने चेतावनी दी थी कि या तो बदमाशी छोड़ा दो या फिर हरियाणा छोड़ा दो लेकिन बदमाशों ने कहा कि वह हरियाणा नहीं छोड़ेंगे और प्रतिदिन बढ़ता जा रहा अपराध इसका जवाब है। दिग्विजय चौटाला जजपा कार्यालय में गुरूवार सुबह पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि युवाओं को जोड़ने का अभियान चलाया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### ग्रामीणों को नशे के प्रति जागरूक किया

**जींद।** पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह के दिशा-निर्देशन में नशा मुक्ति टीम इंचार्ज उपनिरीक्षक नरेश कुमार व उनकी टीम द्वारा एसबीएम पब्लिक स्कूल गांव काकडोद व गांव उदयपुर में डोर टू डोर सर्वे कर ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। इस नशा मुक्ति टीम इंचार्ज उपनिरीक्षक नरेश कुमार व उनकी टीम व स्कूल प्रिसिंपल संदीप शर्मा व स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

### शिकायतें के शीघ्र निपटान के निर्देश

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि समाधान शिविरों में प्राप्त जन शिकायतों का त्वरित और गंभीरतापूर्वक समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिन विभागों की शिकायतें लंबित हैंए उन्हें हर हाल में निपटाया जाए। डीसी ने वीरवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविर के तहत प्राप्त जन समस्याएं सुनीं।

### नौकरी का झांसा देकर किया यौन शोषण

**जींद।** युवती को शादी तथा नौकरी लगवाने का झांसा देकर छह साल तक यौन शोषण करने व युवती के क्रेडिट कार्ड पर 15 लाख का लोन लेने का मामला सामने आया है। शहर थाना नरवाना पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपित के खिलाफ यौन शोषण, धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत केस दर्ज किया है।

### मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु आलस : अहिरका

**जींद।** असमर्थ महिला कल्याण ट्रस्ट के संस्थापक पंडित रामनिवास अहिरका ने बताया कि सृष्टि सृजन के लिए विषय जरूरी है। लंका में जाने के लिए भगवान राम ने समुंद्र से रास्ता मांगने के लिए क्रोध दिखाना पड़ा था लेकिन जिस प्रकार गली, सड़ी चीजों को हमें कूड़े में फैंकना पड़ता है। इसी प्रकार विकार आने पर हमारे लिए विषय विष का कार्य करते हैं और आलस उन सभी में सबसे अधिक खतरनाक है।

### राम जाने की टीम ने किया घायल नंदी का ईलाज

**नरवाना।**तीर्थ राज गौ चिकित्साल्य में सेवारत राम जाने रैबारी ने बताया कि बुधवार देर शाम श्री कृष्णा गौ चिकित्सालय के मैनेजर प्रभात के पास फोन आया की पतराम नगर गली नं 1 में 8 दिनो से नंदी बीमार है सरकारी डा अखिल डा दिपक व डा अशोक प्रभात सिंगला के साथ टीम के साथ पहुंचे और देखा नंदी की हालात बहुत खराब थी और वहीं पर उसे गुलगोज लगाई मौके पर गाड़ी बुलाई और नंदी को पर रामजाने रैबारी बिबेक सौनक आदि ने नंदी को गाडी में चढ़ा श्री तीर्थ राज गौ चिकित्सालय में भेजा था।

### फिजिकल काउंसिल द्वारा दाखिला प्रक्रिया जारी

**नरवाना।** हरियाणा उच्चतर शिक्षा विभाग पंचकूला के निर्देशानुसार अंडर ग्रेजुएट दाखिला प्रक्रिया के लिए के एम राजकीय महाविद्यालय नरवाना में फिजिकल काउंसलिंग द्वारा प्रतिदिन खाली सीटों को भरा जा रहा है। दाखिला प्रक्रिया के नोडल अधिकारी प्रोफेसर मोहित ने बताया कि 18 जुलाई से प्रतिदिन 100 लेट फीस के साथ काउंसलिंग में वे सभी छात्र भाग ले सकते है।

### अग्रवाल सम्मेलन की बैठक पानीपत में कल

**नरवाना।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन हरियाणा द्वारा प्रदेश कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन शनिवार 19 जुलाई को प्रातः 10: 00 बजे शगुन फॉर्म सेक्टर 25ए महाराजा अग्रसेन चौक के निकटए पानीपत में किया जाएगा। यह जानकारी प्रदेश सचिव मोहित बंसल ने दी।

### हिंदू कन्या महाविद्यालय में दाखिला प्रक्रिया जारी

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र के लिए दाखिले की प्रक्रिया से आरंभ हो चुकी है। इसी संदर्भ में महाविद्यालय प्राचार्या डा. पूनम मोर ने सभी स्टाफ सदस्यों के साथ बैठक की। इस बैठक में उन्होंने महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों के साथ दाखिला संबंधी गतिविधियों की समीक्षा की तथा सभी सदस्यों को दिशा-निर्देश भी जारी किए।

---

### पचास वर्ष पूरे होने पर लगाई प्रदर्शनी का किया अवलोकन

# आपातकाल भारतीय इतिहास का काला अध्याय : डॉ. मिड्ढा

### डिप्टी स्पीकर ने प्रदर्शनी की कई स्लाइडों को मोबाइल में किया कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि आपातकाल भारतीय इतिहास का एक काला अध्याय था। इस दौरान भारतीयों पर मौजूदा सरकार द्वारा अत्याचार किए गए। इन अत्याचारों की हद इतनी थी कि मुगलों व अंग्रेजों के अत्याचार भी फीके पड़ गए थे। आपातकाल के दौरान 30 वर्ष के युवाओं से लेकर 60 वर्ष तक के बुजुर्गों की जबरदस्ती नसबंदी की गई और इसका विरोध करने वालों को जेलों में ठूंस कर यातनाएं दी गई थी। आपातकाल के दौरान मीडिया के ऊपर भी कई तरह के प्रतिबंध लगा दिए गए थे। आज के समय में मीडिया जागरूक है और तत्परता से कार्य कर लोकतंत्र के चैथे स्तंभ के रूप में मजबूती से खड़ा है। डिप्टी स्पीकर ने प्रदर्शनी की कई स्लाइडों को अपने मोबाइल में भी कैद किया।

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा गुरूवार को आपातकाल के काले अध्याय के 50 वर्ष पूरे होने पर सरल केन्द्र के प्रांगण में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा लगाई प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। डा. मिड्ढा ने कहा कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से भारत में प्राचीन काल से चली आ रही लोकतंत्र की जड़ें, लोकतांत्रिक परंपराओं के मूल में बसे जनकेंद्रित दृष्टिकोण और जनभागीदारी, श्रेणिसंघ में लोकतंत्र का तत्व, ग्रामीण और शहरी इलाकों में जमीनी स्तर पर लोकतंत्र, परामर्शी प्रथाओं और सामुदायिक भागीदारी से प्रभावित शासन, स्वतंत्र भारत और संसदीय प्रणाली, आपातकाल से ठीक पहले का समय, आपातकाल की स्थिति अधिकार निलंबित, आपातकाल के दौरान भारत के संवैधानिक ढांचे और मूल्यों पर हमला, आपातकाल के दौरान जन आंदोलन, लोकनायक जयप्रकाश नारायण की डायरी, रचनात्मकता पर रोक फिल्मों पर प्रतिबंध, भूमिगत आंदोलन और प्रतिरोध की आवाजें के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है ताकि आज का युवा उस समय की परिस्थितियों के बारे में जागरूक हो सके। बताया कि प्रदर्शनी में आम जनता द्वारा इस प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया इसी के साथ संविधान हत्या दिवस की घोषणा, आपातकाल हटने के बाद लोकतंत्र की रक्षा के लिए संवैधानिक पुनर्जागरण, सुशासन के तहत नई पहले समावेश पहुंच और दक्षता को बढ़ावा देना, परिणामों पर ध्यान और नागरिक केंद्रित पहले, संविधान और कानूनी अधिकारों की समझ को लोकप्रिय बनाने के लिए सरकार के विभिन्न कदम चुनावी प्रक्रियाओं में अधिक पारदर्शिता जवाबदेही, लोकतंत्र का सशक्तिकरण, लोकतंत्र का उत्सव सहित पीएम मोदी का संदेश भारत लोकतंत्र की जननी की भी जानकारी ली।


जींद। प्रदर्शनी का अवलोकन करते डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा।


जींद। प्रदर्शनी की स्लाइडों को अपने मोबाइल में कैद करते डिप्टी स्पीकर।

---

# जुलाना हलके के हर गांव से रैली में पहुंचेंगी महिलाएं : पुष्पा तायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला महामंत्री डा. पुष्पा तायल ने हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा को आश्वस्त किया कि जुलाना हल्के के प्रत्येक गांव से महिलाएं ढोल नगाड़ों के साथ रैली में शामिल होंगी व दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को आशीर्वाद देने का काम करेंगी। जिलाध्यक्ष तेजेंद्र ढूल ने कहा कि रैली में जनसैलाब उमड़ेगा जो पिछले सारे रिकॉर्ड तोडऩे का काम करेगा। प्रभारी डा. मदनलाल ने आश्वस्त किया कि जुलाना हल्के के प्रत्येक गांव से हजारों की संख्या में ग्रामीण रैली में पहुंचेंगे व दोनों मुख्यमंत्रियों को आशीर्वाद देने का काम करेंगे। रैली के संयोजक कैप्टन योगेश बैरागी ने डा. कृष्ण मिड्ढा को आश्वस्त किया कि रैली में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहेगी व रैली में मुख्यमंत्री करोड़ों की सौगात देने का काम करेंगे। इस मौके पर नगरपालिका चेयरमैन डा. संजय जांगड़ा, एडवोकेट सुरेंद्र खटकड़, डा. भारत भूषण टांक, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश बुआना, मुकेश बैरागी, नरेंद्र बैरागी आदि मौजूद रहे।


जींद। कार्यकर्ताओं के साथ पुष्पा तायल।


जींद। निरीक्षण करते टीम। फोटो :हरिभूमि

### कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया

**जींद।** हरियाणा नॉलेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड पंचकूला के क्षेत्रीय निदेशक जितेंद्र नेगी एवं मैनेजमेंट एग्जीक्यूटिव राहुल शर्मा ने वीरवार को महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन के कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने प्रशिक्षणार्थियों के साथ संवाद किया और ई टेस्ट के माध्यम से उनकी स्किल्स का आंकलन किया। साथ ही प्रशिक्षकों से कोर्स की गुणवत्ता, पाठ्यक्रम की जानकारी और प्रशिक्षण पद्धति पर विस्तृत चर्चा की। उनके साथ महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन के अध्यक्ष राजकुमार भोला, अंकिता खटकड़, अजय वर्मा, विवेक, काफी उगालन एवं मीना आदि मौजूद रहे। अध्यक्ष राजकुमार भोला ने कहा कि हमारा संगठन वर्षों से शिक्षा, तकनीकी विकास और सामाजिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहा है। हमें गर्व है कि हरियाणा नॉलेज कॉरपोरेशन लिमिटेड जैसी संस्था हमारे प्रयासों को सराह रही है।

### स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नपा चेयरमैन से की मुलाकात



**जुलाना।** कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने नपा के चेयरमैन डा. संजय जांगड़ा से मुलाकात की। टीम में स्वास्थ्य निरीक्षक रमेश काजल और अमित सहरावत मौजूद रहे। रमेश काजल ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री द्वारा डेंगू से बचाव के लिए सभी जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि वो अपने क्षेत्र में लोगों को डेंगू के प्रति जागरूक करें। डेंगू और मलेरिया की रोकथाम में स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करें। रविवार को सभी लोग सूखा दिवस मनाएं अपने घर में कुलरए गमले व अन्य सामान को साफ करें। पानी के बर्तनों को ढक कर रखें। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें।

---

### छात्रों की सहायता के लिए लगाया कैंप

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि में वीरवार को आयोजित प्रवेश परीक्षा के अवसर पर किसान छात्र एकता संगठन ने हैल्प डेस्क लगाया। इस हैल्प डेस्क के माध्यम से संगठन ने बाहर से आए विद्यार्थियों को हर संभव सहायता प्रदान की। जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। संगठन के कार्यकर्ताओं ने दिनभर विश्वविद्यालय परिसर में आने वाले विद्यार्थियों को उनके परीक्षा कक्षों की जानकारी दी। उन्हें संबंधित भवनों तक सही दिशा में पहुंचाया और प्रवेश प्रक्रिया से जुड़ी हर छोटी-बड़ी जानकारी सहजता से उपलब्ध कराई। विद्यार्थियों के साथ आए अभिभावकों को भी परिसर की व्यवस्था समझाने में संगठन की टीम ने पूरी तत्परता दिखाई। संगठन के युवा अध्यक्ष नवरत्न ने कहा कि हमारा उद्देश्य यही है कि कोई भी छात्र भ्रमित या परेशान नहीं हो और समय से पहले अपने परीक्षा केंद्र पर पहुंचे। छात्र हित ही हमारे संगठन की प्राथमिकता है। छात्र नेता साहिल नरवाल ने कहा कि संगठन की यह पहल छात्रों के लिए की गई एक सेवा भावना है ताकि वे बिना किसी रुकावट के परीक्षा दे सकें।



जींद। हेल्प डेस्क पद मौजूद संगठन पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि


जींद। डे केयर सेंटर में पौधरोपण के मौके पर मौजूद पदाधिकारी।

### पौधरोपण अभियान की शुरूआत

**जींद।** वरिष्ठ नागरिक परिषद् जींद द्वारा डे केयर सेंटर सैक्टर 7 अर्बन एस्टेट में पौधा रोपण की शुरूआत की। इसमें मुख्यअतिथि के तौर पर डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने त्रिवेणी लगाई। उन्होंने परिषद् को पौधा रोपण और इनकी ट्री गार्ड के लिए चार लाख रुपये की सहायता राशि दी गई है। त्रिवेणी लगाने के बाद उपाध्यक्ष डा. मिड्ढा ने वरिष्ठ नागरिकों की मीटिंग में समाज में पनप रहे अपराध के बारे में विस्तार से चर्चा की और जींद हरियाणा पुलिस की करते हुए प्रकाश डाला कि किस तरह से फैलते अपराध को नियंत्रण करने के लिए पुलिस प्रयासरत है और कामयाब भी है। महासचिव चन्द्रप्रकाश मलिक ने सुझाव दिया कि हर माता-पिता अपने बच्चों में अच्छे संस्कार डाले ताकि अच्छे समाज का निर्माण किया जा सके। इस मौके पर पैटरन इन चीफ मुख्य संरक्षक कर्नल सूबे सिंह ढाण्डा ने उनका परिषद् कार्यालय में आकर पौधा रोपण में सहयोग देने के लिए आभार व्यक्त किया।

### सामाजिक न्याय जत्था चार को पहुंचेगा जींद

**जींद।** जनवादी महिला समिति द्वारा चलाया जा रहा राज्य स्तरीय सामाजिक न्याय जत्था चार अगस्त को जींद पहुंचेगा। जत्थे के स्वागत में जिला में भिन्न-भिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जनवादी महिला समिति की राज्य अध्यक्ष सविता, जिलाध्यक्ष आशा, जिला सचिव कोशिगन, कोषाध्यक्ष नूतन प्रकाश ने कहा कि पूर्व महिला सांसदों की इस तरह से अचानक बुकिंग रद्द करना दर्शाता है कि प्रशासन ने पूर्वाग्रहों से ग्रस्त भाजपा सरकार के दबाव में आकर यह कार्य किया है। उन्होंने सलाह दी कि प्रशासन सभी संगठनों और राजनीतिक पार्टियों को एक दृष्टि से देखते हुए निष्पक्ष भाव से काम करें। बैठक में जनवादी महिला समिति की नेताओं ने जानकारी दी कि संगठन 23 जुलाई कैप्टन लक्ष्मी साइकिल स्मृति दिवस से राज्यभर में सामाजिक न्याय तथा चल रहा है जो कि चार अगस्त को जींद में पहुंचेगा। जत्थे के माध्यम से न्याय, समानता, सांप्रदायिक सौहार्द, सामाजिक समरसता और महिलाओं व वंचित तबकों के के प्रश्नों को मुख्य तौर पर उठाया जाएगा।


जींद। बैठक को संबोधित करते सविता। फोटो :हरिभूमि



जुलाना। कार्यक्रम में विजेता छात्र को सम्मानित करते स्कूली स्टाफ।

### प्रतीक ने जुडो कराटे में जीता कांस्य पदक

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के हिंदु सीनियर सैकेंडरी स्कूल के छात्र प्रतीक ने हांसी में 11 से 13 जुलाई तक आयोजित राज्य स्तरीय जुडो कराटे प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता है। स्कूल पहुंचने पर प्रतीक का जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में प्राचार्य जगबीर शर्मा ने शिरकत की। छात्रों को संबोधित करते हुए जगबीर शर्मा ने कहा कि अन्य छात्रों को भी प्रतीक से प्रेरणा लेकर खेल के क्षेत्र में मेहनत करनी चाहिए। खेल से आपसी भाईचारा बढ़ता है और छात्र का सर्वांगिण विकास होता है। शिक्षा के साथ खेलों में भाग अवश्य लेना चाहिए। इस अवसर पर कोच कर्णदीप लाठर, त्रिलोकी राम शास्त्री, रेणू शर्मा, रविंद्र कौशिक, रोहित काजल आदि मौजूद रहे।

---


जींद। महाविद्यालय परिसर में अभियान चलाए युवा। फोटो :हरिभूमि

### प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली अपनाएं

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय में परिसर को प्लास्टिक, पॉलिथिन, बोतल मुक्त तथा कूड़ा करकट मुक्त बनाने के लिए अभियान का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण अभियान की अध्यक्षता कार्यकारी प्राचार्य मनीष कुमार ने की। महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य एवं छात्र.छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। महाविद्यालय के इको क्लब के तत्वावधान में आयोजित अभियान का उद्देश्य परिसर को प्लास्टिक एवं अन्य प्रदूषित पदार्थों से मुक्त कर स्वस्थ और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना था। अभियान के दौरान प्लास्टिक, पॉलिथिन, बोतलों के उपयोग पर रोक लगाने और इनके स्थान पर पर्यावरण के अनुकूल विकल्प अपनाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। प्राचार्य सत्यवान मलिक ने कहा कि स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त परिसर न केवल विद्यार्थियों के लिए स्वस्थ वातावरण प्रदान करता है बल्कि समाज में भी जागरूकता फैलाने का कार्य करता है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली अपनाएं और पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें।

# स्वच्छ जल जीवन का आधार : मताना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- जल चौपाल से ग्रामीणों को जल संरक्षण को लेकर किया जागरूक

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने कहा कि स्वच्छ जल जीवन का आधार है। इसलिए हमें इसके प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। अगर हम इसमें लापरवाही बरतेंगे तो हमारे शरीर को नुकसान होगा। मताना वीरवार को गांव ईंटल कलां में जल संरक्षण व डायरिया रोको अभियान के तहत बैठक व जल चौपाल को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज के समय में सभी लोगों को जागरुकता होने की जुरूरत है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए स्वच्छ पेयजल की जरूरत है। ग्रामीणों को जल संरक्षण और जल के सुरक्षित प्रयोग के साथ-साथ वर्षा के मौसम में दूषित जल से फैलने वाली बीमारी डायरिया के लक्षण और बचाव के बारे जानकारी होनी चाहिए। हम साफ बर्तन से व साफ हाथों से पेयजल का उपयोग करें। हो सके तो इस मौसम में पानी को उबाल कर ओर ठंडा करके उपयोग करें। पानी को ढक कर रखें। पानी निकासी की नाली से गुजर रहे पेयजल पाइपलाइन को बाहर निकालें। किसी तरह की समस्या होने पर डॉक्टर को दिखाएं। उन्होंने कहा कि जल पृथ्वी की अमूल्य धरोहर है और इसके बिना जीवन के कल्पना भी नही की जा सकती है। परंतु बढ़ती जनसंख्या और जल का ठीक तरह से सदुपयोग नही करने की वजह से हमारा भूजल स्तर दिन प्रतिदिन घटता जा रहा है। अगर ऐसे ही रहा तो आने वाले कुछ वर्षों बाद हमें पीने के पानी के लिए भी संघर्ष करना पड़ सकता है। हमें जल संरक्षण के छोटे-छोटे तरीके अपना कर जल संरक्षण करना चाहिए। उन्होंने कहा की उपभोक्ता पेयजल समस्या समाधान के लिए विभाग के टोल फ्री नंबर 18001805678 पर कॉल करें। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के उपमंडल अभियंता रणबीर सिंह ने बताया की स्वच्छ पेयजल सप्लाई के लिए सभी कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि गांव में कहीं पर पाइपलाइन लीकेज होने पर उसे तुरंत ठीक करें।


जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। फोटो :हरिभूमि

### समय प्रबंधन की जानकारी दी

**जींद।** आधारशिला विद्यालय में कक्षा 10वीं और 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए ऊर्जा सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता आचार्य ने की। इसमें बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से उनके भविष्य संबंधी जानकारियां दी गई। जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए हमें जिन मूलभूत सिद्धांतों की आवश्यकता होती है, उनके विषय में अवगत करवाया गया। इनमें समय प्रबंधन, अनुशासन, लक्ष्य निर्धारण इन सभी बिंदुओं को स्पष्ट करते हुए आगे बढने की प्रेरणा दी। विद्यार्थियों ने भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए अपनी जिज्ञासाओं को संतुष्टि प्रदान की। लक्ष्य प्राप्ति में आने वाली बाधाओं का निराकरण कैसे करतें हैं, इन सब विषयों पर बच्चों ने स्पष्ट संवाद किया।

---

### खिलाड़ियों ने जिला बॉक्सिंग प्रतियोगिता में लहराया परचम

# इंडस ग्लोबल अकादमी ने जीते नौ पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

घसौ स्थित आरोही मॉडल स्कूल में आयोजित सब जूनियर जिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप 17 से 18 जुलाई को इंडस ग्लोबल अकादमी किनाना के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण, दो रजत और पांच कांस्य पदक जीतकर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में यंशु कक्षा 9वीं 35-37 किलोग्राम तथा वंशिका कक्षा 9वीं 46-49 किलोग्राम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किए। वहीं जतिन नैन 8वीं 33-35 किलोग्राम और नितिन 8वीं 53-55 किलोग्राम ने रजत पदक प्राप्त किए। इसके अतिरिक्त नैंसी, गौरव, हर्षित, मितुल और रिक्की ने कांस्य पदक जीतकर विद्यालय की झोली में कुल नौ पदक डाल दिए। यंशु एवं वंशिका का चयन आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए भी हुआ है। जो कि उनकी प्रतिभा और मेहनत का परिणाम है। विद्यालय के हैडमास्टर जेएस सारंग ने छात्रों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। विद्यालय के डायरेक्टर प्रवीन परूथी ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, कोच के मार्गदर्शन और विद्यालय के खेल वातावरण का परिणाम है।



जींद। प्रतियोगिता में पकद विजेता खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि

### डायरेक्टर ने शुभकामनाएं दी

इंडस करियर इंस्टीट्यूट जींद के डायरेक्टर संजीव तायल ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और विद्यालय की खेल नीति की सराहना की। कोच अमित ने बताया कि खिलाड़ियों ने पूरी निष्ठा और अनुशासन के साथ अभ्यास किया। जिसके फलस्वरूप यह सफलता मिली। सभी विजयी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए आशा जताई कि वे राज्य स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।


जींद। ग्रामीणों को मौसमी बीमारियों को लेकर जागरूक करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### डेंगू रोधी माह मनाया

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के तहत जाजवान गांव में एमपीएचडब्ल्यु सुशील शर्मा द्वारा गांव में कई जगह-जगह नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता ग्राम सरपंच कृष्ण कुमार द्वारा की गई। उन्होंने ग्रामीणों को डेंगू बुखार के कारण, लक्षण, बचाव के तरीके बताए व आम जनता से अपील करते कहा कि डेंगू से बचाव बारे जागरूक रहें। सुशील शर्मा ने कहा कि बरसात के मौसम में इस बीमारी का फैलने का खतरा बढ़ जाता है। डेंगू से बचाव एवं रोकथाम के लिए स्वच्छता का ध्यान रखा जाएगा। डेंगू बुखार के लक्षणों में तेज ज्वर, सिर दर्द, आंख में दर्द, जोड़ों व मांसपेशियों में दर्द तथा शरीर में दर्द होता है। डेंगू बुखार संक्रमित मादा एडीज एजिप्टी मच्छर के काटने से होता है। इस रोग से बचाव हेतु घर में कूलर, बाल्टी, घड़े के पानी को सप्ताह में एक बार अवश्य बदलते रहें। गड्ढों में जहां पानी एकत्रित हो तो उसमें मिट्टी भर दें। यदि मिट्टी डालना संभव ना हो तो उस गड्ढे के पानी में कुछ मिट्टी का तेल या डीजल डाल दें। सोते समय यथासंभव मच्छरदानी का प्रयोग करें।

**खबर संक्षेप**

### पाई की खस्ता सडकों से ग्रामीण परेशान

**पाई ।** पाई में सड़क का बुरा हाल। जिससे ग्रामीण परेशान हो रहे हैं। गांव पाई में पिलनी रोड़ से रिंग बांध पुंडरी राजौंद रोड़ तक सड़क का चौड़ीकरण किया जाना है। जिसका शुभारंभ विधायक सतपाल जांबा ने 30 मई को नारियल फोड़कर किया था। पहले सड़क ब्लॉक की बनी हुई थी, जिसके बाद सड़क को उखाड़ना शुरू कर दिया लेकिन अब पिछले एक महिने से सड़क को आधा उखाड़कर छोड़ दिया गया। जिससे अब ग्रामीण परेशान हो रहे हैं। ग्रामीण विकास, संजय, महावीर, दिलबाग, रामपाल आदि ने बताया कि अब बारिश का मौसम है।

### समाधान शिविर में निपट रहीं समस्याएं : सीटीएम

**कैथल।** सीटीएम गुरविंद्र सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार एवं डीसी प्रीति के मार्गदर्शन में नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निपटारे के उद्देश्य से लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतों का सुना गया और उनका समाधान किया गया। उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों के माध्यम से आमजन की शिकायतों का निवारण करके बड़ी राहत देने का काम किया जा रहा है।

### कार्ड धारक करवाएं ई-केवाईसी : निशांत

**कैथल ।** जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक निशांत राठी ने बताया कि हरियाणा सरकार के आदेशानुसार सभी बीपीएल/एएवाई कार्ड धारकों की ई-केवाईसी की जानी है, ताकि भविष्य में सरकार की योजनाओं का लाभ लिया जा सकें। सभी बीपीएल/एएवाइ कार्ड धारकों से अपील है कि वे जल्द से जल्द अपना ई-केवाईसी करना सुनिश्चित करें, ताकि भविष्य में किसी भी लाभार्थी को राशन लेने में किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। इसके अलावा सभी कार्ड धारक अपने नजदीकी डिपो जाकर ई-केवाईसी करवा सकते है।

## मुख्य गेट के पास कचरा पड़ा देखकर कर्मचारियों को लगाई फटकार

# नगर आयुक्त ने कार्यालय में पहुंच कर सभी शाखाओं का लिया जायजा, दिए जरूरी निर्देश

### जिला पालिका आयुक्त नगर परिषद कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


कैथल। जिला पालिका आयुक्त डा. सुशील कुमार नप कार्यालय के पास निरीक्षण करते हुए फोटो : हरिभूमि

नगर परिषद के पास शहर में साफ-सफाई और विकास कार्य करने की जिम्मेदारी है। हालात ये हैं कि नप कार्यालय के सामने ही सफाई नहीं है। मुख्य गेट के पास ही कचरा पड़ा हुआ था और गेट के पास दीवार खराब थी। गेट के सामने ही सड़क टूटी हुई है और पास में ही बने बलिदानी विकास भारद्वाज स्मारक गंदगी से अटी पड़ी है। वीरवार को जिला पालिका आयुक्त डा. सुशील कुमार अचानक से नगर परिषद कार्यालय पहुंच गए। सफाई व्यवस्था को लेकर डीएमसी ने कहा कि ईओ साहब अपने कार्यालय तो सुधार लो। मुख्य सफाई निरीक्षक को भी काम सुचारु न होने के कारण फटकार लगाई है। कार्यालय में पहुंच कर सभी शाखाओं का निरीक्षण किया। यहां काम करवाने के लिए आए लोगों से बातचीत की और कर्मचारियों से भी काम करने का तरीका पूछा गया। कार्यालयों के अंदर ही सफाई ना होने के कारण निर्देश दिए व्यवस्था को सुधार लो। शिकायत पेटी पर भी धूल जमा थी तो कहा कि कभी इसकी भी सफाई करवा दिया करो। इसे खोल कर भी देख लिया करो कोई शिकायत आई है या नहीं। टैक्स शाखा में ही एक टूटी हुई कुर्सी रखी थी। डीएमसी ने उसी समय वहां से कुर्सी को हटवाया और कहा कि शाखा को साफ सुथरी रखा करो। जन सुविधा केंद्र में काम करवाने आए लोगों से पूछा कि काम करवाने में कोई परेशानी तो नहीं आ रही। एक-एक करके सभी शाखा इंचार्ज बुलाए गए और उनसे काम करने का तरीका पूछा गया। कर्मचारियों को निर्देश दिए गए कि तय समय में लोगों के कार्य पूरे होने चाहिए। निरीक्षण के दौरान नप ईओ दीपक कुमार, पालिका अभियंता वरुण शर्मा और लेखाकार साहब राम मौजूद रहे।

**बलिदान स्मारक की सफाई के निर्देश**

जिला पालिका आयुक्त कैथल डा. सुशील कुमार ने बताया कि उन्होंने नगर परिषद कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान गेट के सामने टूटी सड़क की रिपेयर और बलिदानी स्मारक की सफाई के निर्देश दिए गए हैं। अगर किसी कार्य में कोई लापरवाही सामने आती है तो संबंधित के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा।

**टूटी सड़क को ठीक करने के दिए निर्देश**

नगर परिषद भवन के सामने ही बाजार को जाने वाली सड़क टूटी हुई है। डीएमसी सड़क के पास पहुंचे और अधिकारियों को भी वहीं बुला लिया गया। मौके पर ही निर्देश दिए गए कि शाम तक यह टूटी हुई सड़क ठीक हो जानी चाहिए। अगर ऐसा नहीं हुआ तो कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि टूटी सड़क के कारण वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। यह समस्या करीब एक महीने से बनी हुई है, लेकिन नप अधिकारियों ने इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया है।


कैथल। नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग होली पथ स्कूल के कमरे का उद्घाटन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# चेयरपर्सन ने क्लास रूम का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

शहर के होली पथ विशेष शिक्षण संस्थान में 10 लाख से बने क्लास रूम का वीरवार को नप चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने उद्घाटन किया। इस दौरान चेयरपर्सन ने बच्चों व स्टाफ से बातचीत भी की। संस्थान के सदस्यों ने चेयरपर्सन को बताया कि इसमें 140 दिव्यांग बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। संस्थान को जून 2023 में एक भवन मिला था, लेकिन इसमें मूलभूत सुविधाओं की कमी थी। नगर परिषद व कैथल एलीट ग्रुप 360 ने सहयोग कर यहां एक बड़ा क्लास रूम तैयार किया। जिस पर करीब 10 लाख रुपये की राशि खर्च हुई है। राउंड टेबल के चेयरमैन मोहित सिक्का ने जानकारी देते हुए बताया कि दिव्यांग बच्चों की सेवा करना नर सेवा नारायण सेवा है और राउंड टेबल इस कार्य में सहयोग करता रहेगा। इसमें लोगों को भी सहायता के लिए आगे आना चाहिए। इस मौके पर मोहित सिक्का, साहिल बंसल, करण कालरा, गौतम मिगलानी, वरुण मिगलानी, निपुण चौधरी, सारांश चौधरी, हनी वालिया, साहिल सचदेवा, श्रेय चौधरी, अंकित टक्कर,सुमित गर्ग, रजत थरेजा व प्रवेश शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

**दिव्यांग बच्चों की सहायता के लिए आगे बढ़ाएं हाथ : सुरभि गर्ग**

नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने कहा कि यह संस्था बहुत ही नेक कार्य कर रही है। संस्थान में शिक्षा ग्रहण कर रहे दिव्यांग बच्चों की सहायता के लिए समाज के लोग आगे आएं। ऐसे बच्चों की सहायता करने के लिए हाथ बढ़ाने चाहिए। नगर परिषद की तरफ से समय-समय पर मूलभूत सुविधाओं के लिए यहां सहयोग किया जाएगा।

# पुलिस के बेहतर प्रयासों से अपराध हुए कम

- वर्ष 2025 दौरान अपराधियों पर कसा गया शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


एसपी आस्था मोदी फोटो : हरिभूमि

- 92 नशा तस्कर व चोरी करने वाले 12 गैंग के 41 सदस्य किए गए काबू

एसपी आस्था मोदी के कुशल नेतृत्व और दिशा-निर्देशों के तहत कैथल पुलिस ने वर्ष 2025 में अपराध नियंत्रण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। जिले में अपराध के मामलों में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है, जो आमजन के सहयोग और पुलिस की मुस्तैदी का प्रत्यक्ष प्रमाण है। वर्ष 2024 की तुलना में वर्ष 2025 के पहले छह माह में लूट, छीना झपटी, गृह भेदन, चोरी, बलात्कार तथा छेड़छाड़ जैसे संगीन अपराधों के मामलों में भारी गिरावट दर्ज की गई है। वर्ष 2024 के प्रथम 6 माह में डकैती के 2 मामले सामने आए थे, जबकि वर्ष 2025 में अब तक डकैती का कोई भी मामला सामने नहीं आया है। एसपी आस्था मोदी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि "पुलिस द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं ताकि अपराधियों को शीघ्र अति शीघ्र गिरफ्तार किया जा सके और आमजन में सुरक्षा की भावना बनी रहे।" जिले में नशा तस्करी और संगठित चोरी के विरुद्ध चलाए गए विशेष अभियानों के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। वर्ष 2025 के दौरान अब तक 59 मामलों में 92 नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किए गए हैं। इसके अतिरिक्त चोरी करने वाले 12 गैंगों के कुल 41 सदस्यों को भी पकड़कर 127 केसो को सुलझाने में सफलता हासिल की गई, जिससे क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगा है। इस वर्ष मर्डर के 19 मामले दर्ज हुए जो पुलिस द्वार त्वरित कार्रवाई दौरान सभी मामलों को सुलझाकर अपराधियों को पकड़ा जा चुका है। इसके अलावा वर्ष 2025 दौरान अवैध असला अमुनेशन रखने के 23 मामलों में 34 आरोपियों को काबू करके 23 अवैध पिस्तौल व 15 कारतूस बरामद किए गए है। एसपी ने कहा कि हरियाणा पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर के निर्देशानुसार समस्त हरियाणा में पुलिस द्वारा प्रभावशाली ढंग से अपराध पर अंकुश व अपराधियों पर नकेल कसी गई है। जो पूरे हरियाणा में मर्डर, लुट, डकैती, छीना झपटी, गृह भेदन, चोरी, बलात्कार, अपहरण तथा छेड़छाड़ जैसे संगीन अपराधो में 16 प्रतिशत कम मामले हुए है। पुरी हरियाणा पुलिस लोगो की सुरक्षा व सेवा के लिए तत्पर है।

**पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी**

# गांव सिरसल में 'एक किरण उम्मीद की फाउंडेशन' ने किया पौधरोपण

- मातृशक्ति ने दिखाई पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी


गांव सिरसल में पौधारोपण करते हुए फाउंडेशन सदस्य। फोटो : हरिभूमि

गांव सिरसल स्थित शिव मंदिर परिसर में 'एक किरण उम्मीद की फाउंडेशन' की महिला सदस्यों द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गांव की मातृशक्ति ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया और पर्यावरण सरंक्षण का संदेश दिया। फाउंडेशन की अध्यक्ष निधि मोहन ने बताया कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत देशभर में वृक्षारोपण किया जा रहा है, जिसमें महिलाओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी सराहनीय है। इस अवसर पर लगभग 35 पौधे लगाए और वितरित किए गए, जिनमें जामुन, अमरूद, आंवला, बेलपत्र जैसे फलदार एवं औषधीय पौधे शामिल थे।निधि मोहन ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और पेड़ों की अंधाधुंध कटाई के कारण पर्यावरण असंतुलन उत्पन्न हो गया है, जो मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। ऐसे में वृक्षारोपण न केवल पर्यावरण को शुद्ध करता है, बल्कि मिट्टी संरक्षण और जलवायु संतुलन में भी मदद करता है।


गांव मूंदडी में कार्यक्रम का निमंत्रण देते हुए कमेटी सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### गांव मुंदड़ी में बलिदान दिवस कार्यक्रम को लेकर उत्साह, कोल में होगा कार्यक्रम का आयोजन

**पूंडरी ।** गांव मुंदड़ी में 2 अगस्त को गांव कोल में आयोजित होने वाले बलिदान दिवस कार्यक्रम को लेकर भारी उत्साह का माहौल है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गांव के भाईचारे और बिरादरी के प्रमुख प्रतिनिधियों ने तैयारियों में कोई कसर नहीं छोड़ी है।इस आयोजन को लेकर समाजसेवी फतेह सिंह, पार्षद प्रतिनिधि जितेंद्र टाया, रामपाल कौल, राजेश लाठर, संजीव लाठर, परमिंदर दादूपर, मोहन पबनावा, पृथ्वी सिंह मेहला पबनावा व विकास कल्याण खालका ने गांव मुंदड़ी पहुंचकर ग्रामीणों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया। उन्होंने गांव की रोड़ समाज को एकत्र कर सभी को निजी पैलेस में होने वाले आयोजन में भाग लेने का खुला निमंत्रण दिया। गांववासियों ने अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर समाजसेवी सतबीर सिंह, राजकुमार आढ़ती, उदय गोरा, भाग सिंह, सतपाल सिंह, ओमपाल, बलवान गोरा, पवन डॉ., अजमेर सिंह, भीम सिंह सहित अनेक बुजुर्ग व नौजवान उपस्थित रहे। सभी ने बलिदान दिवस को सामूहिक रूप से सफल बनाने की अपील की और इसे समाज को एकजुट करने व सांझी विरासत को संजोने की दिशा में प्रेरणादायक कदम बताया।

# अवैध कालोनियों पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई से भूमाफियों में खलबली

- सस्ते प्लाटों के चक्कर में प्रॉपर्टी डीलरों के बहकावे में आकर अवैध कालोनियों में प्लाट न खरीदें आमजन : कैप्टन प्रमेश सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि अवैध कॉलोनी पर प्रशासन द्वारा सख्त कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। आमजन सस्ते प्लाटों के चक्कर में प्रॉपर्टी डीलरों के बहकावे में आकर अवैध कालोनियों में प्लाट न खरीदें। जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा पनप रही अवैध कॉलोनियों पर नकेल कसने के लिए निरंतर अवैध निर्माण को पीला पंजा चलाकर ध्वस्त किया जाता है। एसडीएम ने कहा कि जिला नगर योजनाकार विभाग के संज्ञान में आने के बाद भू-मालिकों द्वारा बिना विभागीय अनुमति के निर्माण करने के मामले के उपरांत भूस्वामियों और प्रोपटी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी करके निर्माण करने के लिए जरूरी अनुमति प्राप्त करने वाले आदेश दिए जाते है। परंतु कुछ भूस्वामियों और प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा न तो अवैध निर्माण को रोका जाता है और न ही विभाग से किसी प्रकार की अनुमति के लिए आवेदन करते है, तो ऐसी स्थिति में विभाग द्वारा कार्यवाही अमल मे लाई जाती है। आम लोगों को आगाह किया गया कि वह सस्ते प्लाटों के चक्कर में प्रॉपर्टी डीलरों के बहकावे में आकर खून पसीने की कमाई अवैध कॉलोनियों में प्लाट आदि खरीदकर बर्बाद न करें, और न ही किसी प्रकार का निर्माण करें।

एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि अवैध कॉलोनी पर प्रशासन द्वारा सख्त कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। आमजन सस्ते प्लाटों के चक्कर में प्रॉपर्टी डीलरों के बहकावे में आकर अवैध कालोनियों में प्लाट न खरीदें।

**जमीन की खरीद करने से पहले वैधता की कर लें जांच**


एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह।

एसडीएम ने जिला नगर योजनाकार विभाग के अनुसार जानकारी देते हुए कहा कि जमीन की खरीद करने से पहले विभाग से कॉलोनी की वैधता / अवैधता बारे पूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकते है। साथ ही संबंधित तहसीलदार व नायब तहसीलदार रजिस्ट्री करने से पहले सरकार द्वारा जारी हिदायतों की पालना करें ताकि अवैध कॉलोनाइजेशन को रोका जा सके। यदि कोई व्यक्ति अवैध कॉलोनियों में प्लाट आदि खरीदता है तो उसके खिलाफ भी कार्यवाही अमल लाई जाती है, जिसमें 50 हजार रुपये तक का जुर्माना व 3 साल की सजा का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि सभी प्रॉपर्टी डीलरों व भू-मालिकों का आह्वान किया कि विभाग द्वारा अवैध निर्माणों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही निरंतर अमल में लाई जा रही है और उन्हें अपील भी की जाती है कि वे सरकार द्वारा चलाई गई ग्रुप हाउसिंग स्कीम, दीनदयाल हाउसिंग स्कीम, अफोंडेबल ग्रुप हाउसिंग स्कीम, जिसमें 5 एकड़ भूमि पर लाइसेंस प्रदान किया जाता है, में आवेदन करके कॉलोनी काटने की जरूरी अनुमति प्राप्त करें व शहर वासियों को सस्ता मकान उपलब्ध करवाएं।


खंड शिक्षा अधिकारी बलबीर कश्यप अधिकारियों की बैठक लेते हुए फोटो : हरिभूमि

### खंड संसाधन कार्यालय गुहला में मासिक बैठक

**गुहला-चीका ।** खंड संसाधन कार्यालय गुहला में बुधवार को मासिक रिव्यू बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी बलबीर कश्यप ने की। इस बैठक में खंड गुहला के अंतर्गत आने वाले डीडीओ, बीआरपी, एबीआरसी, ब्लॉक के ई-अधिगम के नोडल, सभी ऑफिस स्टाफ व क्लर्कों ने भाग लिया। बैठक में सक्षम सहयोगी मासिक रिव्यु मीटिंग के एजेंडों के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बीपीआईयू से संबंधित सभी बिन्दुओं पर चर्चा की गई। इसमें मेंटर्स द्वारा विजिट दौरान ईवीएस, एसएस, विज्ञान और गणित विषयों पर चर्चा करते हुए बताया गया कि इन सभी विषयों की विजिट बहुत कम पाई गई हैं जो कि इन्हें निरंतर रूप से बढ़ाना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बैठक में मौजूद अध्यापकों को निर्देश देते हुए कहा कि कक्षा-कक्ष को प्रिंट रिच बनाना और प्रिंट रिच प्रतियोगिता संकुल स्तर पर निर्धारित समय पर करवाया सुनिश्चित करें, ताकि खंड स्तर पर ये प्रतियोगिता कराई जा सके। नवीन शिक्षण सामग्री व टीजी भाग-1 का प्रयोग अध्यापक द्वारा कक्षा कक्ष में सुचारू रूप से करवाना, निपुण डैशबोर्ड पर शिक्षक को कक्षावार आवंटन पर चर्चा की गई। सभी विद्यालयों में पाठ्य पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित करवाना व डिमांड तथा अतिरिक्त पाठ्य पुस्तकों को एक दुसरे विद्यालय में देना-लेना सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए ताकि बच्चों की पढ़ाई सुचारू रूप से चल सके।


गांव दुडाना में स्थित बाबा रोड़े के स्थान का दृश्य।

# बाबा रोड़ा के धार्मिक स्थल मेले की तैयारियां पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौद

गांव दुड़ाना में स्थित बाबा रोड़ा के धार्मिक स्थल पर 18 जुलाई को लगने वाले विशाल मेले की तैयारियां पूरी हो चुकी है। गांव में 16 जुलाई को बाबा रोड़ा के स्थान पर अखंड पाठ का शुभारंभ किया गया था। 67 वर्षों से लगातार लग रहे इस मेले में दूरदराज से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर बाबा रोड़ा के स्थान पर मत्था टेककर मन्नतें मांगते हैं। ग्रामीण बलविंद्र सिंह, रिछपाल सिंह, मौतम सिंह, रत्न सिंह, सरपंच अमर सिंह, इंद्र सिंह चीमा ने बताया कि प्रतिवर्ष सावन महीने की तृतीया को यानी 18 जुलाई को बाबा रोड़ा के स्थान पर हर वर्ष विशाल मेला लगता है। इस बार भी मेले का आयोजन 18 जुलाई को

**बेंगलुरु में आयोजित अंतरराष्ट्रीय ग्रैंड पिक्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में लहराया परचम**

*गोल्ड मेडल जीतने पर बसीवन स्पोट्र्स एकेडमी में सम्मान समारोह का आयोजन*

# गोल्ड मेडल जीतने पर अरुण शर्मा को नोटो की माला से किया सम्मानित : संजय सैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

बेंगलुरु में आयोजित अंतरराष्ट्रीय ग्रैंड पिक्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हरियाणा के कैथल जिले के सीवन के अरूण शर्मा ने गोल्ड मेडल जीत कर जिला ही नहीं प्रदेश का मान-सम्मान बढ़ाने का काम किया। गोल्ड मेडल जीतने पर बुधवार को सीवन स्पोट्र्स एकेडमी में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में गोल्ड मेडल जीतने वाले अरुण शर्मा व खिलाड़ी श्वेता ओर दीपाली को टेक चन्द सैन, प्रेम चन्द सैन, सुरजीत गोस्वामी, नगरपालिका चेयरमैन प्रतिनिधि संदीप सैनी, सचिव दीपक कुमार, समारोह संयोजक संजय सैन, कोच सुदर्शन सिंह, कोच इंद्र गोस्वामी, भाजपा नेत्री शैली मुंजाल, मास्टर सुरेन्द्र कुमार, फौजी सुरेश मुंजाल, पवन सैन डोहर ने माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया और उसके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की गई। इस दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि संदीप सैनी ने कहा कि कैथल के एक छोटे से नगर सीवन के लाल ने सीवन हीं नहीं बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि अरुण शर्मा को अगामी गेम्स की तैयारी करने को कहा इसके लिये उन्होंने तन मन धन से साथ देने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि यह जीत बहुत हीं मायने रखता है। क्योंकि बिना किसी प्रशिक्षण और सुख सुविधाओं के उन्होंने गोल्ड मेडल जीता है। वहीं कार्यक्रम आयोजक संजय सैन ने कहा कि यह सीवन के लिये गौरव की बात है कि सीवन के लाल अरुण शर्मा ने गोल्ड मेडल जीता है।


अरुण शर्मा को माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते ग्रामीण

**दी बधाई**

उन्होंने नगरवासियों व जनप्रतिनिधि से कहा कि हमें ज्यादा से ज्यादा अरुण शर्मा की मदद करनी चाहिए ताकि अरुण शर्मा आगे भी गेम्स की तैयारी कर सके। वहीं नगरपालिका सचिव दीपक कुमार ने अरुण शर्मा का मनोबल बढाया। उन्होंने कहा कि इस तरह के समारोह न केवल एक व्यक्ति को प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि दूसरों को भी प्रेरित करते हैं कि वे भी अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रयास करें। अत में सम्मान समारोह कार्यक्रम में नगरवासियों ने गोल्ड मेडल विजेता अरुण शर्मा को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर उपस्थित पाली सैनी, सुरेश सैनी, अशोक शर्मा, रितिक शर्मा, सुनील सक्सेना, कमल शर्मा, सुमित कंसल, मुकेश शर्मा, रवि मौर्य सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप




### पेड़, पौधों से ग्लोबल वार्मिंग कम होती है

**जींद**। युवा विकास समिति जींद के द्वारा साप्ताहिक पौधारोपण अभियान के तीसरे दिन अनूपगढ़ के सरकारी स्कूल में पौधारोपण किया गया। स्कूल की प्राचार्या सोनिया शर्मा ने कहा कि पेड़ पौधे लगाने से ग्लोबल वार्मिंग कम होती है। इसलिए हमें ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाने चाहिए ताकि हमारे चारों ओर का वातावरण स्वस्थ रहे। वह साफ -सुथरा रहे।

### कलायत में दुकानदार ने की किशोर से छेड़छाड़

**कैथल**। कस्बा कलायत में एक साइकिल विक्रेता दुकानदार एक किशोर के साथ छेड़छाड़ करने का मामला प्रकाश में आया है। कलायत के एक किशोर ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 16 जुलाई को शाम के करीब 5:00 बजे वह अपनी साइकिल ठीक करवाने के लिए कलायत के एक दुकानदार के पास गया था। आरोप है कि आरोपी दुकानदार द्वारा उसके साथ चुंबन किया गया। यही नहीं आरोपी द्वारा उसके लोअर के नीचे कुलों पर हाथ भी फेरते हुए उसके साथ अश्लील छेड़छाड़ की। बाद में उस द्वारा विरोध किए जाने पर आरोपी ने उसे किसी को न बताने की धमकी भी दी। मामले के जांच अधिकारी एएसआई मंजीत ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आरोपी दुकानदार की जांच शुरू कर दी है।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक चालक की मौत

**कैथल**। गांव पोलड में ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक बाइक चालक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा उसके परिजनों को सौंप दिया। गांव खानपुर के बिट्टू ने सीवन पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 15 जुलाई को रात करीब 8:00 बजे जब उसका भाई सुभाष बाइक पर सवार होकर हिम्मतपुरा रोड पोलड के निकट से गुजर रहा था तो एक ट्रैक्टर ट्राली चालक ने अपने ट्रैक्टर को तेज गति और लापरवाही से चलते हुए उसके भाई की बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में उसका भाई सुभाष बुरी तरह से घायल हो गया।

## बूस्टिंग स्टेशन बनने का काम तेजी से जारी

# अन्न पूर्णा मंदिर, 40 फुटा रोड पर दूर होगी पीने के पानी की समस्या

- सितंबर माह तक हो जाएगा काम पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। उचाना


**उचाना**। अंडरपास के पास चल रहा बूस्टिंग स्टेशन का निर्माण कार्य। फोटो : हरिभूमि

उचानाशहर के जय मां अन्न पूर्णा मंदिर, 40 फुटा रोड, मॉडल टाउन एरिया में पीने के पानी की समस्या आने वाले समय में दूर होगी। गर्मी के मौसम में यहां पर पीने के पानी की पर्याप्त सप्लाई नहीं आने से लोग परेशान रहते थे। आबादी कालोनियों में बढने से पानी की खपत अधिक होने से समस्या पीने के पानी की बढ़ रही थी। जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा शहर में एसटीपी के पास बूस्टिंग स्टेशन का निर्माण करवाया जा रहा है। यहां से शहर की विभिन्न कालोनियों में पीने के पानी की सप्लाई होगी। भाखड़ा का नीला पानी घरों में यहां से सप्लाई होगा। खेड़ी मंसानिया रोड पर पुराने जलघर से यहां पर पानी पहुंचेगा।

### गंदे पानी की समस्या हुई दूर

शहर में आठ इंच की पीने के पानी की सप्लाई के पानी की पाइप लाइन बिछाने का काम लगभग पूरा हो चुका है। रेलवे रोड को छोड़ कर अधिकांश जगहों पर पाइप लाइन बिछाई जा चुकी है। पीने के पानी की सप्लाई में लीकेज के चलते गंदे पानी की समस्या भी नए सिरे से पाइन लाइन बिछने से दूर हुई है। लोगों द्वारा काफी समय से इसको लेकर मांग की रही थी। अमृत 2.0 योजना के तहत इस पर काम हो रहा है। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री द्वारा रजबाहा से जलघर में आने वाली पाइप लाइन सहित इस योजना के तहत अन्य कामों पर खर्च होने वाले 14 करोड़ की परियोजना का शिलान्यास किया था।

### विधायक ने किया था शिलान्यास

राजू शर्मा, अमित, सुखपाल, रामचंद्र ने कहा कि शहर की कई कालोनियों के पीने के पानी की समस्या काफी लंबे समय से है। बूस्टिंग स्टेशन बनाने की मांग पूरी होने के बाद इस पर कार्य शुरू हो चुका है। सितंबर माह तक काम पूरा होने पर जहां-जहां पीने के पानी की समस्या है वहां पर्याप्त मात्रा में सप्लाई पानी की होने लगेगी। गंदे पानी की निकासी भी नए सिरे से आठ इंच की पाइप लाइन बिछाए जाने से दूर हुई है। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने शहर के लोगों की वर्षों पुरानी मांग पूरी की है।

### तेजी से हो रहा है काम : जेई

जन स्वास्थ्य विभाग के जेई पुनीत ने बताया कि तेजी से कार्य हो रहा है। नए सिरे से पाइप लाइन शहर में अधिकांश जगहों पर बिछाई जा चुकी है। सितंबर तक कार्य पूरा होने के बाद बूस्टिंग स्टेशन से अन्न पूर्णा मंदिर के आस.पासए मॉडल टाउनए 40 फूटा रोड सहित अन्य कालोनियों में सप्लाई पानी की होगी। यहां काफी समय से पर्याप्त मात्रा में सप्लाई पानी की नहीं होने की शिकायतें आ रही थी।

# डीसी ने की सीएम कार्यक्रम की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। उचाना


**जींद**। बैठक में दिशा-निर्देश देते हुए डीसी। फोटो : हरिभूमि

उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने वीरवार को लघु सचिवालय सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ 19 जुलाई को उप मण्डल जुलाना में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कार्यक्रम को लेकर समीक्षा बैठक ली। इस दिन सीएम क्षेत्र की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम को सफल व भव्य रूप देने के उद्देश्य से दौरे से जुड़ी सभी तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। इसमें सभी विभागाध्यक्षों ने अपने-अपने विभागों के द्वारा की गई तैयारियों की जानकारी सांझा की। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभाग अपनी-अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से लें और निर्धारित समयसीमा के भीतर समस्त व्यवस्थाएं पूर्ण करें ताकि कार्यक्रम का संचालन प्रभावशाली, व्यवस्थित व सम्मानजनक ढंग से संपन्न हो। उन्होंने चॉपर की सुरक्षित लैंडिंग के लिए हेलीपैड की समुचित तैयारी, मुख्यमंत्री के लिए पृथक आगमन व प्रस्थान मार्ग, मुख्य मंच की डिजाइन व सज्जा, मंच पर बैठने की व्यवस्था, ध्वनि एवं प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा मानकों का अनुपालन, सड़कों की मरम्मत, मोबाइल व वीवीआईपी टॉयलेट्स की उपलब्धता, पेयजलए रिफ्रेशमेंट, चिकित्सा सुविधा, अग्निशमन व्यवस्था तथा अन्य सभी मूलभूत सुविधाओं की समय रहते सुनिश्चितता के निर्देश दिए।

### बम भोले के गूंजे जयकारे

**राजौद**। सावन माह पूरी तरह से भगवान शिव को समर्पित है, प्रतिदिन भारी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा शिवलिंग पर जलाभिषेक कर भगवान शिव की पूजा अर्चना की जा रही है। आचार्य रामभगत हरित शर्मा ने बताया कि श्रावण मास 11 जुलाई से शुरू हो चुका है जो 9 अगस्त तक चलेगा। उन्होंने बताया कि 23 जुलाई को सुबह 4. 40 मिनट से भगवान शिव का जलाभिषेक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि श्रावण मास में शिव की पूजा का विशेष महत्व है। 27 को हरियाली तीज, नाग पंचमी 29, एकादशी का व्रत 5 अगस्त, श्रावणी कर्म व रक्षा बंधन 9 अगस्त शनिवार को मनाया जाएगा।

# सब जूनियर बॉक्सिंग में 70 किलो में कुसुम प्रथम

- जिलास्तरीय प्रतियोगिता में 80 खिलाड़ियों ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶। उचाना


**उचाना**। प्रतियोगिता में जीत के लिए पसीना बहाते खिलाड़ी।

आरोही मॉडल स्कूल घसो खुर्द में दो दिवसीय जिला स्तरीय सब जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में जीत को लेकर खिलाड़ियों ने पसीना बहाया। पहले दिन लड़कियों के मुकाबले हुए। शुक्रवार को लड़कों के मुकाबले होंगे। जिलास्तरीय प्रतियोगिता में चैंपियन बनेंगे वो प्रदेशस्तर की प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। प्रदेश स्तर पर चैंपियन बनने वाले यूके में आयोजित होने वाली नेशनल प्रतियोगिता में खेलेंगे। जिले भर से 80 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। जिन बच्चों का जन्म 2011-12 के बाद हुआ है वो प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे है। कोच वीरेंद्र सिहाग ने कहा कि खेलों में विद्यार्थियों को बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। नशे से युवाओं को दूर रहना चाहिए। प्रदेश के खिलाड़ियों ने खेलों के माध्यम से प्रदेश का नाम देशए विदेशों में रोशन किया है। खेलों के माध्यम से भी युवा माता-पिता, क्षेत्र का नाम रोशन कर सकते है। प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। जिस खेल में रूचि हो उस खेल को खेलना चाहिए। पढ़ाई के साथ-साथ अब युवा खेलों की तरफ भी जाने लगे है ये भविष्य के लिए अच्छे संकेत है। इस मौके पर जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन सचिव वेदप्रकाशए आशीष कोचए सलोचनाए मंदीप मौजूद रहे।

### यह रहे परिणाम

33 किलोग्राममें नेहा प्रथम, 35 किलोग्राम में रितु प्रथम, अंशु द्वितीय, 40 किलोग्राममें प्रथम मन्नत, द्वितीय पायल, तृतीय पलक, 43 किलोग्राम में प्रथम ईशा, द्वितीय सोनल, 46 किलोग्राम हांशिका प्रथम, एकता द्वितीय, नैसी तृतीय, 49 किलोग्राम, वंशिका प्रथम, 52 किलोग्राम में खुशी प्रथम, 55 किलोग्राम में पायल प्रथम। 70 किलोग्रामकुसम प्रथम रहे।


**उचाना**। बॉक्सिंग प्रतियोगिता में विजेता को प्रमाण पत्र देते हुए।

# शिव पूजा करने से आत्मा की शुद्धि होती है :अशोक शर्मा

**उचाना**। महाराजा अग्रसेन मंदिर में सावन माह में चल रहे भजन कीर्तन में श्रद्धालु भगवान शिव शंकर के गीतों पर जमकर झूमे। मंदिर पुजारी अशोक शर्मा ने शिव पूजा के लाभ श्रद्धालुओं को बताते हुए कहा कि शिव पूजा करने से आत्मा की शुद्धि होती है। जिससे मन और आत्मा को शांति मिलती हैए नकारात्मक विचारों और ऊर्जा से मुक्ति मिलती हैए आध्यात्मिक विकास होता हैए जिससे जीवन के उद्देश्य और अर्थ को समझने में मदद मिलती है। भगवान शिव की कृपा से स्वास्थ्य और समृद्धि की प्राप्ति होती है। मानसिक शांति और स्थिरता प्राप्त होतीए जिससे जीवन की चुनौतियों का सामना करने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि भक्तों के लिए शिव पूजा बहुत महत्वपूर्ण है। सावन महीने में शिव पूजा करने की परंपरा है जिससे भक्त भगवान का पूजनए अभिषेक करते है और व्रत करते है।


**उचाना**। सावन माह में आयोजित भजन.कीर्तन। फोटो : हरिभूमि

# जनता दरबार बन रहा वरदान

- हर रोज सैकड़ों लोगों की समस्याओं को सुन कर रहे है विधायक समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। उचाना


**उचाना**। लोगों की समस्याओं को सुनते हुए विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री का खुद के आवास पर हर रोज लगने वाला जनता दरबार लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है। हर रोज लोग उनके आवास पर पहुंच कर समस्याओं का समाधान पा रहे है। विधायक बनने से लेकर अब निरंतर वो सुबह अपने आवास पर जनता की समस्याओं को सुन उनका समाधान कर रहे है। सरकार की नीतियों के बारे में भी लोगों को वो बताते है। यहां पर आने वाले लोग सरकार द्वारा योग्यता के आधार पर दी जा रही नौकरियों की प्रशंसा करने के साथ-साथ निरंतर लोगों की समस्याओं को सुनने पर विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री का आभार प्रकट करते है। विधायक की कार्यप्रणाली के आज विपक्ष के लोग भी कायल होने लगे है। बलजोरए जगबीरए राजाए सुलतान ने कहा कि उचाना विधायक के दरवाजे 24 घंटे समस्याओं के समाधान लिए खुले है। कई बार तो मोबाइल काल पर भी लोगों की समस्याओं का समाधान विधायक करते है। इस तरह का विधायक पहली बार देखा जो सुबह से लेकर शाम तक हजारों लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान करता हो।

# अनीमिया मुक्त कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। उचाना


**उचाना**। उपमंडल कार्यालय के कांफ्रेस हॉल में मीटिंग लेते एसडीएम दलजीत सिंह।

एसडीएम दलजीत सिंह की अध्यक्षता में अनीमिया मुक्त कार्यक्रम एवं अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों पर खंड समन्वय समिति की प्रथम तिमाही की मीटिंग हुई।

मीटिंग में प्रवर चिकित्सा अधिकारी, खंड विकास पंचायत अधिकारी, सभी चिकित्सा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी प्रतिनिधि, सुपरवाईजर बाल विकास परियोजना अधिकारी, प्रधान प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन, प्रतिनिधि नगरपालिका एवं खाद्य आपूर्ति विभाग शामिल हुए। एसडीएम ने जानकारी देते हुए बताया गया कि अनीमिया एक ऐसी स्थिति है जो खून की कमी से होता है और लाल रक्त कणिकाओं को ऑक्सीजन वहन क्षमता कम होती रहती है।

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2019-20 के अनुसार भारतीय महिलाओं और बच्चों में अधिक खून की कमी है। अनीमिया मुक्त कार्यक्रम के तहत एक जुलाई 2025 से 31 जुलाई 2025 तक अनीमिया माह मनाया जा रहा है। जिसके तहत शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में टी 4 कैंप लगा कर के अनीमिया की टैस्टिंग की जा रही है और आंगनवाड़ी केंद्रों व स्कूलों में आरबीएसके की टीम के तहत अनीमिया की टैस्टिंग व ईलाज किया जा रहा है।

### टीबी मुक्त बनाना लक्ष्य

टी 4 कैंपों के माध्यम से एनीमिया की टैस्टिंग ईलाज, अनीमिया बचाव के बारे में जागरूक करना तथा अनीमिया मरीज की ट्रैकिंग की जा रही है। अभिभावकों को 06 से 59 माह के बच्चों को आयरन सिरप घर पर बच्चों को पिलाने के लिए उपलब्ध करवाए गए हैं। अभिभावकों को अपने बच्चों का संपूर्ण टीकाकरण करवाने बारे प्रेरित करें ताकि 2026 तक मीजल रूबैला को उन्मूलन किया जा सके। एसडीएम ने कहा कि राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन के तहत वर्ष 2025 तक भारत को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। सभी निक्षय मित्र बनकर क्षय रोग से पीड़ित व्यक्तियों को गोद ले भारत को टीबी मुक्त करने में सहयोग दे।

### सात सितंबर को होगा ऐतिहासिक अग्रवाल परिचय महा सम्मेलन

**नरवाना**। अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा द्वारा आगामी 07 सितम्बर को जीन्द के अग्रसेन स्कूल में ऐतिहासिक विवाह योग्य अग्रवाल युवक.युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के संगठन मंत्री अचल मित्तल ने बताया कि यह सम्मेलन आज तक का सबसे बड़ा सम्मेलन होगा। सम्मेलन में हजारों अग्र बंधुओं की उपस्थिति में सैकड़ो विवाह योग्य युवक.युवती अपने जीवन साथी का चयन करेंगे। इस सम्मेलन में देश.प्रदेश के दर्जनों राष्ट्रीय अग्रवाल नेता मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

# ग्राम पंचायत में मच्छरों से मिलेगा निजात

- ग्राम पंचायत अहमदपुर को भेंट की फोगिंग मशीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पूंडरी


**पूंडरी**। सरपंच अनिल कुमार को फोगिंग मशीन भेंट करते जिला पार्षद जितेंद्र टाया।

ग्राम पंचायत अहमदपुर में अब मच्छरों से निजात मिलेगी। ग्रामीणों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जिला परिषद सदस्य जितेंद्र टाया ने अहम पहल करते हुए सरपंच अनिल कुमार को एक फोगिंग मशीन भेंट की। इस मशीन के जरिए पूरे गांव में समय-समय पर फोगिंग कर मच्छर जनित बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया आदि से लोगों को बचाया जाएगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे, जिन्होंने इस सराहनीय कदम का स्वागत किया। जितेंद्र टाया ने कहा जनसेवा ही मेरा संकल्प है। ग्रामीणों के स्वास्थ्य और स्वच्छता के लिए मैं हर संभव प्रयास करता रहूंगा। मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के लिए यह फोगिंग मशीन अहम भूमिका निभाएगी। ग्राम अहमदपुर के लोग जागरूक और सक्रिय हैं, जिन्हें सहयोग देना गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ गांव ही आत्मनिर्भर भारत की नींव है। आने वाले समय में और भी सुविधाएं पंचायत को दिलाने का प्रयास रहेगा। सरपंच अनिल कुमार ने कहा कि जितेंद्र टाया जी द्वारा फोगिंग मशीन भेंट करना अत्यंत सराहनीय कदम है। हम इस मशीन का पूरा उपयोग करेंगे ताकि गांव को बीमारियों से सुरक्षित रखा जा सके। मौके पर रामपाल टाया, राजबीर टाया, राजपाल पंच, मनीराम, रणधीर सिंह, जोनी कश्यप, अजय वाल्मीकि, पृथ्वी कश्यप, मोनीराम, अनिल टाया सहित अनेक अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

# समाधान शिविर किया आयोजित

- उपमंडल प्रशासन ने लगाया समाधान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नरवाना


**नरवाना**। समाधान शिविर में शिकायतें सुनते हुए एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

नरवाना के उपमंडल प्रशासन द्वारा प्रभावी ढंग से समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। वीरवार को एसडीएम जगदीश चंद्र ने समाधान शिविर में पहुंची 4 शिकायतों की सुनवाई करते हुए मौके पर ही समाधान करवाया। उन्होंने बताया कि अब तक समाधान शिविरों में जो शिकायतें पहुंची हैए उनमें से अधिकतर का समाधान करवाया जा चुका हैए इसके अलावा शेष शिकायतों को समाधान के लिए संबंधित विभागों में भेजा गया है। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर में अधिकतर शिकायतें परिवार पहचान पत्रए पेंशनए चिरायु आयुष्मानए बिजलीए जमीन पैमाइशए इंतकाल आदि से संबंधित प्राप्त हो रही हैं। एसडीएम ने बताया कि शिविर में नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहते हैं व उनकी समस्याओं का समाधान मौके पर ही सुनिश्चित किया जा रहा है। प्रत्येक विभाग के वरिष्ठ अधिकारी को समाधान शिविर में मौजूद रहने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम ने बताया कि उपमंडल स्तर पर लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हाल में समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों के उत्थान के लिए सरकार द्वारा अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं को प्रभावी तरीके से लागू किया जाए ताकि प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक योजना का लाभ पहुंचे।

**चर्चा** | सरकार ने युवाओं और महिलाओं को आगे बढ़ाने का किया काम

# सीएम नायब सैनी भारत के सबसे ईमानदार मुख्यमंत्री : दलजीत मलिक

> प्रदेश नई बुलंदियों को छूने का काम करेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद


दलजीत मलिक।

देव हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष दलजीत सिंह मलिक ने कहा है कि प्रदेश में नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार प्रदेश के हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। आज यहां एक बयान में दलजीत मलिक ने कहा की 19 जुलाई को दो मुख्यमंत्री जुलाना में आ रहे हैं एक जुलाना की बेटी आ रही है एक प्रदेश के ईमानदार मुख्यमंत्री आ रहे हैं हमें उम्मीद है कि अब जुलाना की विकास की गति बहुत तेजी से आगे बढ़ेगी। नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश नई बुलंदियों को छूने का काम करेगा। देव हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा में बिना खर्ची बिना पर्ची नौकरी देने का जो काम किया जा रहा है वह निश्चित तौर पर सराहनीय है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में युवाओं को नौकरी के लिए न तो किसी विधायक और मंत्री के पास जाना पड़ता है और न ही उसे अपनी जमीन और घर बेचना पड़ता है। दलजीत मलिक ने कहा कि भाजपा की सरकार ने प्रदेश में जिस प्रकार से राष्ट्रीय राजमार्गों का जाल बिछाने का काम किया है उससे प्रदेश के हर नागरिक को फायदा हुआ है। आज एक शहर से दूसरे शहर की दूरी सिमट कर रह गई है। उन्होंने कहा कि जहां पूरे देश में गरीबी की रेखा 1 लाख रुपये सालाना आय तक मानी जाती है वहीं हरियाणा में एक लाख 80 हजार रुपये सालाना कमाने वाले परिवार को भी गरीबी में शामिल किया गया है और उसे वही सभी सुविधाएं प्रदेश सरकार मुहैया करवाती हैए जो केंद्र सरकार द्वारा गरीबों को मुहैया करवाई जाती हैं।

### लोग भाजपा का दे रहे समर्थन

देव हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा की जनता पूरी तरह से नायब सैनी के नेतृत्व में भाजपा के साथ खड़ी है और आज प्रदेश में भाजपा का कोई विकल्प भी नही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा खिलाड़ियों, जवानों और किसानों की भूमि है। इन तीनों को प्रदेश सरकार ने जिस प्रकार से बढ़ावा दिया है वह अपने आप में सराहनीय है। खिलाड़ियों को पदक जीतने पर नकद राशि और सरकारी नौकरी दी जा रही है वहीं जवानों को अग्निवीर से वापस आने पर उनके लिए सरकारी नौकरी सुनिश्चित करने का काम किया गया है तथा किसानों के लिए सरकार ने 24 फसल एमएसपी पर खरीदने का जो फैसला किया है वह अपने आप में ऐतिहासिक है।